# एयरफोर्स के नौ हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाये

## सूर्य किरण के विमानों ने करीब एक घंटे तक हवा में कलाबाजियां खाते हुए प्रदर्शन किया, इसे देख लोग रोमांचित हो गए

**सूरतगढ़, (निसं)।** कस्बे में वायुसेना स्टेशन के एयरबेस पर रविवार को 9 हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। मौका था वायुसेना की सूर्य किरण के एयर शो का। करीब 1 घंटे तक सूर्य किरण के विमानों ने हवा में कलाबाजियां खाते हुए प्रदर्शन किया। इसे देख लोग रोमांचित हो गए। सूर्यकिरण टीम के एयर शो के बाद हेलिकॉप्टर के जरिए स्काई डाइविंग भी दिखाई गई। इसमें पैराशूट के जरिए सेना के जांबाजों ने छलांग लगाते हुए अपने करतब दिखाए। एयरफोर्स स्टेशन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस दौरान एयर शो भी रखा गया।

एयर शो युवा पीढ़ी को भारतीय वायुसेना के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया। इसके लिए सूरतगढ़ और आसपास के इलाकों से आमजन और स्टूडेंट्स को आमंत्रित किया गया है। दौरान बड़ी संख्या में लोग एयर शो देखने पहुंचे। एयर को देखने के लिए सूरतगढ़ वायुसेना स्टेशन के एयरबेस के पास हजारों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

वायुसेना अधिकारियों की ओर से गेट नंबर 2 से लोगों को निशुल्क पास के जरिए प्रवेश करवाया गया। रनवे से जैसे ही आसमान में 9 हॉक विमानों ने उड़ान भरी, तो लोगों ने हूटिंग कर इस नज़ारे का लुत्फ उठाया। लोगों के एकदम ऊपर आसमान से जमीन की और हवाई जहाज लौटकर आए तो

- **एयर शो के बाद हेलिकॉप्टर के जरिए स्काई डाइविंग भी दिखाई गई। इसमें पैराशूट के जरिए सेना के जांबाजों ने छलांग लगाते हुए अपने करतब दिखाए**

ऐसा देखकर एक बार दर्शकों की सांसें थम गई। एयरफोर्स स्टेशन के पास भारी भीड़ होने की वजह से हाईवे पर जाम लग गया। जिसे नियंत्रित करने में ट्रैफिक, पुलिस कर्मियों और वायु सेना के जवान तैनात रहे। इस एयर शो को देखने के लिए वायुसेना की ओर से खासकर स्टूडेंट्स को आमंत्रित किया गया था। इस वजह से सूरतगढ़ के साथ जैतसर, श्रीविजयनगर, रामसिंहपुर, अनूपगढ़ समेत आसपास के इलाकों से बाल वाहिनियों में बड़ी तादाद में बच्चे पहुंचे। जिन्होंने एयर शो का लुत्फ उठाते हुए हथियारों की प्रदर्शनी को भी करीब से देखा। इस एयर शो को देखने के लिए वायुसेना की ओर से खासकर स्कूली विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन स्थानीय लोग भी उमड़ पड़े। इस वजह से एयरफोर्स स्टेशन के पास भारी भीड़ जमा हो गई।

साल 1996 में 'सूर्य किरण' की स्थापना हुई थी। सूर्य किरण स्कैट वायुसेना की 52वें स्कवाड्रन का हिस्सा है। ये टीम इंडियन एयरफोर्स की एयरोबैटिक्स प्रदर्शन टीम है। इस स्कैट टीम में 13 पायलट होते हैं, जिसमें से केवल 9 किसी भी समय उड़ान भरते हैं, केवल लड़ाकू विमान उड़ाने वाले पायलटों को इसके लिए चुना जाता है। जिनके पास किरण एयरक्राफ्ट चलाने का 1000 घंटे और 2000 घंटे का लड़ाकू उड़ान अनुभव होता है। पायलटों के अलावा टीम में फ्लाइट कमांडर, एक प्रशासक और क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होते हैं। यह टीम देश के कई हिस्सों में एयर शो के जरिए हवा में करतब दिखा चुकी है।

# धुलंडी पर हुए झगड़े में दोस्त की हत्या मामले में पांच गिरफ्तार



दोस्त की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर, (निसं)।** धुलंडी पर हुए झगड़े में दोस्त की हत्या मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

झगड़े में अपने ही दोस्त की हत्या कर देने वाले मुल्ज़िमों डॉक्टर करनाबट की गली, सुनारान चौपड, निवासी सुनील कुमार भाट पुत्र कालू भाट, शाहपुरा मोहल्ला, भांभियान होद निवासी, कमल नारवाल उर्फ कमल ठाकुर पुत्र पुरुषोतम नारवाल, बालाजी की खिड़की सूनारान गली निवासी, राजेश सरगरा उर्फ बाबू पुत्र रामप्रताप सरगरा, गुजरान हथाई के पास तेजा चौक निवासी, पवन गुर्जर पुत्र नारायण गुर्जर, कुम्हारान मौहल्ला मेवाडी गेट निवासी देवाशीष महावर उर्फ चिन्कू पुत्र कमल किशोर महावर आदि पांचों को सिटी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया, जिसमे दो अपराधी निरुद्ध है।

गौरतलब है कमल जी टाल वाले के मकान सेदरिया निवासी विजय पुत्र हरिश ने एक लिखित रिपोर्ट पेश की थी जिसमे बताया कि 7 मार्च को वो अपने भाई गणेश एवं दोस्त बब्लू, मोहित के साथ सुभाष उद्यान गये थे। वहां पर पवन, बीरू गुर्जर, दिव्यांश एवं उनके अन्य साथी पहले से मौजूद थे जिन्होने मेरे भाई गणेश से झगडा करना शुरू किया व बब्लू के साथ मारपीट करने लगे। मेरे द्वारा बीच बचाव किया गया लेकिन वो नहीं माने और मेरे भाई के शरीर पर गम्भीर चोटें आई जिस पर उसे ईलाज हेतु अस्पताल लेकर गये लेकिन डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए अन्य धाराओं के साथ एससी/एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर चूनाराम जाट आई.पी.एस., अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अजमेर वैभव शर्मा के सुपरविजन में मनीष सिंह चौधरी आई.पी.एस. के नेतृत्व में पुलिस थाना ब्यावर सिटी से पुलिस टीम गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही में शहर के विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज चेक किये गये। मृतक गणेश की हत्या जिस स्थान पर की गयी उक्त स्थान पर सी.सी.टी.वी कैमरे एवं तकनीकि सहायता से विश्लेषण किया गया। चश्मदीद गवाहों से भी जानकारी प्राप्त करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# पी.एम. आवास योजना में फर्जीवाड़ा

- **2.40 लाख रुपए हड़पने का मामला दर्ज हुआ**

**डूंगरपुर, (निसं)।** पंचायत समिति चिखली अन्तर्गत बडगामा ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में फर्जीवाड़ा कर 2.40 लाख रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। पंचायत क्षेत्र के रहने वाले 2 लोगों ने सरपंच, सचिव, तत्कालीन सचिव और जियो टैगिंग करने वाले कर्मचारी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कुंआ थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थानाधिकारी गोपालनाथ ने बताया कि बडगामा निवासी सोहनलाल पुत्र भूरालाल अहारी और धन्ना पुत्र कलजी अहारी ने 2 अलग-अलग केस दर्ज कराए हैं। सोहनलाल ने रिपोर्ट में बताया कि साल 2018-19 में उसके प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुआ था। योजना के तहत 1.20 लाख रुपए आवास और 12 हजार रुपए में शौचालय बनाना था, लेकिन सरपंच कांतिलाल पुत्र रामचंद्र अहारी, सचिव सविता देवी अहारी और जियो टैगिंग करने वाले दिनेश पुत्र मावजी पारगी ने मिलकर उसके मकान के रुपए हड़प लिए।

पीडित ने बताया कि मकान की जियो टैगिंग करने के लिए दिनेश पारगी उसके घर आया था और फोटोग्राफी करने के बाद उससे से 1 हजार रुपए भी लेकर गया था, लेकिन उसके खाते में आवास योजना के रुपए नहीं आए। सरपंच और सचिव से पूछने पर वो टालमटोल करते रहे। 18 नवंबर 2022 को पीएम आवास योजना की वेबसाइट पर पता करने पर जानकारी मिली कि सरपंच, सचिव और जियो टैगिंग करने वाले कर्मचारी ने मिलकर फर्जी तरीके से उसके मकान के रुपए दूसरे के खाते में डालकर उठा लिए।

इसी तरह धन्ना पुत्र कलजी अहारी निवासी बडगामा ने रिपोर्ट दी कि उसके 2015-2016 में पीएम आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन सरपंच कांतिलाल अहारी, तत्कालीन सचिव शंकरलाल डामोर और दिनेश पारगी ने मिलकर रुपए हडप लि। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों अलग-अलग केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले की तलवाड़ा पुलिस ने 4 ग्राम हेरोइन के साथ ऐलनाबाद हरियाणा निवासी 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों के पास से बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तलवाड़ा थाना प्रभारी लाल बहादुर चंद्र ने बताया कि पुलिस टीम तलवाड़ा से ऐलनाबाद रोड पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान सामने से बाइक पर 2 युवक आते हुए दिखाई दिए जो पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को पीछा कर दबोच लिया और दोनों की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान पुलिस ने तस्करों के पास से 4 ग्राम हेरोइन बरामद की। थाना प्रभारी लाल बहादुर चंद्र ने बताया कि पुलिस ने सन्नी पुत्र कृष्ण कुमार निवासी वार्ड 1 हनुमानगढ़ रोड ऐलनाबाद हरियाणा और अजय कुमार पुत्र रामलाल निवासी वार्ड 1 हनुमानगढ़ रोड ऐलनाबाद हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध हथियार सहित सात को किया गिरफ्तार

- **अवैध देशी पिस्तौल मय जिंदा कारतूस बरामद**
- **24 घंटे के दौरान चार कार्रवाईयां कर गिरफ्तार किया**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिला पुलिस की ओर से 24 घंटे के दौरान चार कार्रवाईयां कर 7 आरोपियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनमें चूनावढ़ पुलिस ने पांच आरोपी और जवाहरनगर पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। एसपी परिस देशमुख ने बताया कि चूनावढ़ थाना की टीम कार्यवाहक एसएचओ सोमदास, हैड कांस्टेबल हंसराज, सुभाषचंद्र, कांस्टेबल बाबूजान, संदीपकुमार व बलजीतसिंह की टीम ने गश्त के दौरान 5 केके बुटरां निवासी 21 वर्षीय आरोपी गुरप्यार सिह ऊर्फ गौरू पुत्र मेजर सिंह लालगढ़ जाटान थाना क्षेत्र के गांव भाईजीवाला निवासी सर्वजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह तथा गुरप्रीत सिंह पुत्र सर्वजीत सिंह के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल मय 2 जिंदा कारतूस बरामद कर गिरफ्तार किया।

दूसरी कार्रवाई एएसआई सुभाष मीणा हैड कांस्टेबल देवेन्द्र बक्शी, कांस्टेबल राकेश कुमार की टीम ने गश्त के दौरान खूनीचक 7 बीएलडब्लूयू निवासी आरोपी केवलसिंह उर्फ बाबा पुत्र लाभसिंह उर्फ लखवीरसिंह को एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद कर गिरफ्तार किया।

तीसरी कार्रवाई चूनावढ़ थाना के ही हैड कांस्टेबल किशनाराम, कांस्टेबल प्रकाशचंद्र व राजेशकुमार की टीम ने गश्त के दौरान पीलीबंगा थाना क्षेत्र के गांव अयालकी निवासी 28 वर्षीय आरोपी चरणजीतसिंह पुत्र हरपालसिंह को एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद कर गिरफ्तार किया।

इधर ऑपरेशन साइबर क्लीन के तहत सोशल मीडिया पर हथियार के साथ फोटो डालकर आमजन को भयभीत करने वाले पुरानी आबादी के वार्ड 14 हनुमान चौक के निकट निवासी 22 वर्षीय रमन सहारण उर्फ रोहित पुत्र कृष्णलाल सहारण को 315 बोर की एक देसी पिस्तौल सहित पकड़ा है।

# नकदी और जेवर चोरी

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के अम्बामाता थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर नकदी व जेवरात चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बामाता थाना क्षेत्र सज्जनगर ओडबस्ती निवासी रामचन्द्र पुत्र बसन्तीलाल कुम्हार के सूने मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर चांदी के पायजेब व 20 हजार रूपये नकदी चुरा ले गए।

जानकारी के अनुसार 6 मार्च को रामचन्द्र परिवार सहित अपने गांव बिछीवाड़ा गया था। पिताजी सांय होटल में चौकीदारी करने गए थे। दूसरे दिन घर लौटे तो मकान एवं कमरों का ताला टूटा हुआ एवं सामान बिखरा पडा था। तलाशी ली तो जेवर व नकदी गायब थी। इस संबंध में पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

इससे पूर्व वर्ष 2019 में भी चोरी हो चुकी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं सुखेर थाना क्षेत्र आकेजन सी गार्डन से गत 9 मार्च रात में अज्ञात चोर साउण्ड सिस्टम व मिक्सिंग मशीन चुरा ले गए। इसका पता चलने पर मल्लातलाई अम्बामाता निवासी विकान्त पुत्र गंगाराम चौहान ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

# प्रीपेड बिजली मीटर का भी विभाग भेज रहा बिल

## उपभोक्ता का 8571 रूपए की राशि का बिल आया

- **विद्युत विभाग के कर्मचारी बिल के भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं**

**मंड्रेला, (निसं)।** जहां एक और राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 100 यूनिट बिजली फ्री दे रही है। वहीं दूसरी ओर ईमानदार उपभोक्ताओं को नाहक परेशान कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के मुख्य मार्केट स्थित मित्तल आईस फैक्ट्री के मालिक ने करीब चार वर्ष से अपने प्रतिष्ठान के मीटर को प्रीपेड किया हुआ है। किंतु बिजली विभाग उपभोक्ताओं को 9 मार्च 2023 की नियत तिथि भुगतान के लिए 8571 रुपए की राशि का बिल भेजा है।

प्रतिष्ठान के गौरव मित्तल ने बताया कि उनके प्रतिष्ठान का बिजली मीटर प्रीपेड है। किंतु फिर भी उनके पास 8571 रूपए की राशि का बिल आया है। गौरव मित्तल ने बताया कि गत एक माह से विद्युत विभाग के कर्मचारी बिल के भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं तथा बिल जमा नहीं करवाने पर कनेक्शन काटने की धमकी दे रहे है।

गौरव मित्तल ने बताया कि हमारा मीटर प्रीपेड होने के कारण हमने पहले तो ध्यान ही नहीं दिया। किंतु गत एक माह से बिजली विभाग द्वारा कनेक्शन काटने की धमकी देने के कारण उनका ध्यान इस और गया है। उपभोक्ता ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को प्रीपेड मीटर की बताने पर उनका कहना है कि हम तो विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उपभोक्ता गौरव ने बताया कि गत माह 27 फरवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर भी इस विषय मे शिकायत दर्ज करवाई थी। किंतु इस संबंध में अभी तक कोई उत्तर नहीं मिला है। अब उपभोक्ता परेशान है कि वह अब करे तो क्या करें?

# दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** नाबालिग को बंधक बना उसके साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने मामला दर्ज की जांच शुरु कर दी है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित ने आरोपी पिटाराम के खिालाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 9 मार्च को आरोपी मेरी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर अपने घर ले गया। जहां दो दिन बंधक बनाए रख कर उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद 11 मार्च को छोड़ कर फरार हो गया। घर पहुंच कर पुत्री द्वारा आपबीती बताने पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। मामले की जांच सायरा थानाधिकारी नाथूसिंह कर रहे है।

# तालाब में डूबने से दो की मौत

- **तीसरे बच्चे के चिल्लाने पर ग्राम वासी वाहन लेकर तालाब पर पहुंचे**

**आकोला, (निसं)।** क्षैत्र के जाशमा गांव के तालाब प्रथम फिल्म सड़क मार्ग पर दो युवक तालाब में 20 फीट में पानी भरा हुआ होने से दोनों की मौत हो गई।

जाशमा तालाब पर 3 बजे शौच करने के लिए आए भगवानपुरा के दो बच्चे पानी में डूबकर मौत हो गई तीसरे बच्चा चिल्लाया और जूही ग्राम वासियों को सूचना मिलते ही गांव से भीड़ अपने अपने वाहन लेकर तालाब पर पहुंचे जो 2 बच्चे डूब कर पानी में रह गए ग्राम वासियों ने नाव में बैठकर युवक डुबकी लगाई, गई मगर वह हत्थे नहीं चढ़े। राजसमंद जिले के सुल्तान सिंह ने खड्डे में डुबकी लगाकर दोनों बच्चे को हाथ पकड़कर बाहर ले आए।

साथ ही गांव ग्राम जाशमा के जीशु लाल जाट, किशन लाल माली ,जगदीश चंद्र जाट, काला जी के खेड़ा दो तीन युवक नाव में बैठकर मृत बच्चों की पानी में तलाश की मगर हाथ में नहीं आया। ग्राम पंचायत जाशमा के सरपंच देवी लाल लोहार दिलीप कुमार जैन लोकेश कुमार खटीक पुलकित राव शंकर लाल खटीक आदि गांव के सैकड़ों लोग तालाब पर पहुंचे।

पुलिस चौकी जाशमा के हेड कांस्टेबल कैलाश चंद्र जाखड़ रामचंद्र सैनी मुकेश चंद्र आदि मौके पर पहुंचे भूपालसागर थाना प्रभारी एसएचओ भगवती लाल पालीवाल जगपाल आदि पुलिस थाना भोपाल सागर से आप कर मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चे मिले। जिनमें राजू पिता रतन लाल जाट उम्र 15 वर्षीय दूसरा बच्चा कार्तिक पिता नारायण लाल सुथार उम्र 10 वर्ष निवासी भगवानपुरा यह दोनों की पानी में डूबकर मृत्यु हो गई। साथ में एक बच्चा और भी इसके साथ में आए, जो चेतन कुमार ने चिल्लाया और गांव में सूचना चली गई।

# राजगढ़ धाम पर उमड़े श्रद्धालु

**अजमेर, (कासं)।** श्रीमसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर शनिवार रात को मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के सान्निध्य में फाग व होली महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में श्रद्धालु व भक्तमण्डल के सदस्यों की भीड़ भक्ति रस से सराबोर रही। महोत्सव का शुभारम्भ गुरूदेव चम्पालाल महाराज द्वारा विधिवत पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को होली पर्व की शुभकामनाएं देकर किया गया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि झुझंनू भैरव भक्त मण्डल की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें महोत्सव का आरम्भ बांसुरी वादन से हुआ।

# चालक व खलासी के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (निसं)।** टीडी थाना पुलिस ने ताला तोड़ कर सामान चोरी कर कंटेनर को लावारिस हालत में छोड़ जाने वाले चालक व खलासी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

जानकारी के अनुसार अमित चौहान पुत्र राजेन्द्रसिंह राजपूत निवासी पोस्ट लुहान रेवाडी हरियाणा ने टीडी पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि कंटेनर चालक तालिम पुत्र तोता निवासी विश्वंभरा छाता मथूरा यूपी तथा खलासी शाहरूख पुत्र हसन निवासी पलवन हरियाणा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 1मार्च को हरियाणा से फ्लीपकार्ड कंपनी का मालभर कर अहमदाबाद पहुंचने के लिए रवाना किया था। 2 मार्च को कंटेनर पाटिया हाइवे पर लावारिस हालत में मिला तो अन्य वाहन चालकों को मौके पर पहुंचने का कहा। इस पर मौके पर पहुंच कर ताला टूटा हुआ था एवं सामान गायब था। इधर गश्त के दौरान लावारिस हालत में पडे कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में लिया तथा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक पडताल में करीब 4 लाख 63 हजार से अधिक का माल जिनमें करीब 18 मोबाईल, मेमोरी कार्ड, जूते कपडे गायब थे।

# बाइक चोरों को जेल भेजा

**हनुमानगढ़, (निसं)।** गुरुद्वारा बाबा दीपसिंह के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जंक्शन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल हंसराज ने बताया कि बाइक चोरी के मामले में डबलीबास मौलवी वार्ड 1 निवासी मनीष कुमार पुत्र भगवाना राम व वार्ड 24 निवासी गुरमीत सिंह उर्फ गग्गी पुत्र जरनैल सिंह को गिरफ्तार किया था। इन्होंने डबलीराठान में भी एक गुरुद्वारा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। तब सदर पुलिस थाना में दर्ज मुकदमे में इनकी गिरफ्तारी हुई थी।

# बुजुर्ग महिला तस्कर को गिरफ्तार किया

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले की संगरिया पुलिस ने देर रात नाकाबंदी के दौरान एक बुजुर्ग महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्कर से 5 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। तस्कर डोडा पोस्त पंजाब से खरीद कर लाई थी। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी सुभाषचंद्र कच्छावा ने बताया कि प्रशिक्षु एसआई राजपाल सिंह टीम सहित क्षेत्र की गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पुलिस जैसे ही संगरिया रोही मानकसर पहुंची तो एक वृद्ध महिला पुलिस टीम को आते हुई दिखाई दी। पुलिस टीम को देख महिला छुपने का प्रयास करने लगी तो पुलिस ने शक के आधार पर महिला को रोक कर उसकी तलाशी ली। महिला के पास से तलाशी के दौरान प्लास्टिक की थैली में 5 किलो 5 सौ ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस टीम महिला को गिरफ्तार कर थाने ले आई। महिला से पूछताछ में उसकी पहचान रणजीत कौर (67) पत्नी साधु सिंह निवासी वार्ड 7 बठिंडा पंजाब के रूप में हुई। महिला पंजाब निवासी है, जो पंजाब से अवैध डोडा पोस्त लेकर आई थी।

# अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले की रावतसर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान आधा किलो अफीम के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर पैदल ही सप्लाई देने जा रहे थे।

रावतसर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। रावतसर थाना अधिकारी रविंद्र सिंह नरूका ने बताया कि रविवार को मेगा हाईवे धन्नासर रोही में एसआई सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के बाद मेघा हाइवे रोड धन्नासर कैंची रोही में नाकाबंदी कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान दो युवक मेघा हाईवे पर पैदल आते हुए दिखाई दिए, जो पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने दोनों युवकों की गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए दोनों युवकों को दबोच लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से आधा किलो अफीम बरामद हुई। रावतसर पुलिस दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो दोनों की पहचान अनुज कुमार पुत्र राजेंद्र जाट निवासी वार्ड एक रतनपुरा पीएस संगरिया और विनोद कुमार निवासी वार्ड सात रतनपुरा पीएस संगरिया के रूप में हुई।

# ब्राह्मणों ने भी मांगा स्थानीय निकाय और पंचायत राज में राजनीतिक आरक्षण

## विप्र फाउंडेशन का विप्र महाकुंभ आयोजित, मेहंदीपुर में जुटे भरतपुर संभाग के हजारों ब्राह्मण



विप्र महाकुंभ को भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने संबोधित किया।

- **सरकारी नौकरियों में धांधली, मंदिर माफी की जमीनों पर कब्जो की घटनाओं पर गुस्सा फूटा**

**मेहंदीपुर, (निसं)।** प्रदेश के ब्राह्मणों में भी स्थानीय निकाय और पंचायत राज संस्थानों में आरक्षित वर्ग के समान आरक्षण और अन्य सुविधाएं देने के लिए प्रदेश सरकार के समक्ष ताल ठोक दी है। विप्र फाउंडेशन के बैनर तले मेहंदीपुर में आयोजित विप्र महाकुंभ में जुटे ब्राह्मणों ने राज्य सरकार के समक्ष यह मांग रखी। ब्राह्मणों ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रही धांधली पर भी अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए उच्च स्तरीय जांच तथा पीड़ित बेरोजगारों को इंसाफ की मांग की हैं।

विप्र फाउंडेशन के संभाग स्तर पर भरतपुर संभाग के हुए पहले विप्र महाकुंभ में रविवार को जुटी हजारों की भीड़ का गुस्सा मंदिर माफी की जमीनों पर हो रहे अतिक्रमणों तथा इन्हें लेकर हो रहे अत्याचारों को लेकर भी था। ब्राह्मणों ने मंदिर माफी की जमीनों को मुक्त करवा राजस्व रिकार्ड में पुजारी का नाम अंकित करने की मांग उठाते हुए साफ चेताया कि बर्दास्त नहीं किया जाएगा। समाज की इन सभी पीड़ाओं का निराकरण नहीं निकला तो आंदोलन भी करना पड़े तो करेंगे।

इसके अलावा विप्र महाकुंभ में समाजोत्थान की अनेक कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा करते हुए उपस्थित जनों से भी समाज में व्याप्त कुरूतियो को त्यागने का आग्रह किया गया। महाकुंभ में हुई सारगर्भित चर्चा के अंत में मेहंदीपुर घोषणा पत्र भी पारित किया गया। विप्र फाउंडेशन जोन 1 डी के प्रदेशाध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय ने संभाग स्तर पर सम्मेलन आयोजित करने के कारणों पर प्रकाश डाला तथा बताया कि जयपुर में होने वाले विराट महाकुंभ से पहले पांच संभागों में इस तरह के महाकुंभ और होंगे। इस कड़ी में 26 मार्च को आदिवासी अंचल सागवाड़ा में विप्र महाकुंभ होगा उसकी तैयारियां चल रही हैं।

विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम गुरुजी ने संगठन की 14 वर्षो की विकास यात्रा की संक्षिप्त में जानकारी दी। समाज के इन नेताओ ने सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका के लिए विप्र फाउंडेशन की सराहना भी की।

विप्र महाकुंभ को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने देवस्थान के अधीन मंदिरों को पुजारियों को सौंपने की मांग उठाते हुए कहा कि बड़े मंदिरों से होने वाली आय को छोटे मंदिरों के रखरखाव व उनके पुर्ननिर्माण पर खर्च की जानी चाहिए। तिवाड़ी ने वक्फ बोर्ड की तरह हिंदू रिलीजियस एक्ट बने। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने समाज उत्थान के निर्णयों पर सहमति जताई। गुजरात प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर रघु शर्मा ने समाज की ओर से उठाई मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार से टोकन मनी पर जमीन दिलवाने को तैयार हैं। उन पर छात्रावास बनने चाहिए।

समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ, विप्र फाउंडेशन के संरक्षक विधायक धर्म नारायण जोशी, अभिनेष महर्षि,राकेश पारीक, कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज , पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, पूर्व विधायक शंकर शर्मा आदि ने अपनी बात रखी। खादी बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अनिल पारीक, संरक्षक रमेश राजोरिया व रतन लाल आजाद, पूर्व जिला प्रमुख विनोद शर्मा, विनोद बिहारी शर्मा, महंत नरेशपुरी के प्रतिनिधि जगदीश पुरी सचिव एम के माथुर बर्फानी बाबा, प्रकाश दासजी महाराज, हरेंद्रानंद महाराज,पीसी बोहरा धौलपुर, राजस्थान ब्राह्मण महासभा से गोविंद जोहरी, महेंद्र पारीक सहित कई राजनेता व गणमान्य जन उपस्थित थे।

विप्र फाउंडेशन से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सीए सुनील शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम सिखवाल, विप्र वाहिनी की राष्ट्रीय प्रमुख चंद्रकांता राजपुरोहित, राष्ट्रीय सचिव विनोद अमन, परमेश्वर शर्मा व विष्णु पारीक, जोन 1 के अध्यक्ष राजेश कर्नल सहित अनेक राष्ट्रीय तथा प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे।

विप्र फाउंडेशन करौली के युवा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने स्वागत भाषण तथा अशोक पाठक ने आभार प्रकट किया। बालाजी मंदिर ट्रस्ट विप्र महाकुंभ में बालाजी सिद्धपीठ महंत नरेशपुरी ने आशीवाद स्वरूप अपना संदेश भेज शुभकामना प्रेषित की और 101 ब्राहण समाज की कन्याओं शादी की घोषणा की।